भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1257
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 25 नवंबर, 2019
04 अग्रहायण, 1941 (शक)

यूनेस्को की सूची में सूचीबद्ध किए जाने वाले स्थान

1257. श्री पी. वेलुसामी:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने यूनेस्को के विश्व विरासत स्थलों के तहत आने वाले स्थानों को सूचीबद्ध कराने हेतु अपनी बात समिति के पिछले सत्र में रखी थी; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी स्थान-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख) : जी, हां। जुलाई, 2019 में बाकु, अजरबैजान में आयोजित विश्व विरासत समिति के अंतिम सत्र के दौरान जयपुर शहर के नामांकन को विश्व विरासत स्थल के रूप में शामिल करने के लिए सफलतापूर्वक अपनी बात रखी गई है।